रोरिक विश्व प्रसिद्ध स्व. कलाकार एवं पुरातत्व शास्त्री निकोलाई रोरिक के पुत्र हैं, जिनकी जन्म शताब्दी इस वर्ष दुनिया के देशों में मनाई जा रही है। स्वेस्तोस्लाव १३ वर्ष बाद रूस जा रहे हैं। उनकी पत्नी उनके साथ जा रही हैं।

श्री स्वेस्तोस्लाव ने आज एक पत्र संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि मैं तो यथार्थवादी चित्रकार हूं और सौंदर्य तथा यथार्थ को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने में विश्वास नहीं रखता। मैं जीवन को ऐसे ही सहज रूप में देखता हूं, जैसा प्रकृति ने उसे बनाया है।

पसूका—44

P.I.S. 44

N/J(D)84PIB—30,000—13-10-73—GIPS

# अनोखी और विचित्र बातें

—❀—

[ लेखक—यत्र-तत्र-सर्वत्र ]

### फोटो और ग्रामोफोन द्वारा इलाज

मानसिक चिंताओं के कारण मनुष्य को बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसको अच्छा करने के लिए पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक बहुत समय से प्रयत्न कर रहे हैं। इसमें अधिक सफलता तो नहीं मिली, पर हां कुछ सफलता अवश्य मिली है। हाल ही में डाक्टर डी० रेडवन ने जो कि विएना के एक प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक हैं, कुछ ऐसी खोजें की हैं, जिनके द्वारा वे संसार के किसी भी हिस्से में रहने वाले मनुष्य की मानसिक चिंताएँ हटा सकते हैं। यह अपना इलाज "हिप्नोटिज्म" के द्वारा करते हैं। इसलिए उन्होंने अपनी आंखों का एक फोटो लिया, और ग्रामोफोन के कुछ रिकार्डस भरवाए। इनका कहना है कि इसके द्वारा मनुष्य की सब चिंताएँ दूर हो जावेंगी। इसका प्रयोग उन्होंने विएना के मनोवैज्ञानिकों की सभा में बतलाया है। आदमी जिस पर यह प्रयोग

### पसली तोड़ अभिनय

अभिनेता का अभिनय तभी सफल समझा जाता है, जब कि वह प्रेक्षकों के हृदयों में यह भाव जमा दे कि जो कुछ हो रहा है वह नाटक नहीं है पर असलियत है। इसके लिए अभिनेता को पार्ट के साथ तदनुरूप हो जाना पड़ता है। बुडापेस्ट का एक मुख्य अभिनेता, अभिनेत्री हन्ना हान्थी से रंगमंच पर प्रेम याचना कर रहा था। अपना प्रेम प्रगट करने में उसने उस अभिनेत्री का इतने जोर से चुम्बन किया कि वह बेहोश हो गई। अस्पताल में जब वह लाई गई तब यह पाया गया कि उसकी पसलियां टूट गई हैं। उस समय से जब कभी उक्त अभिनेत्री उसके साथ रंगमंच पर काम करती है तब फौलाद का कवच अंदर पहिन लेती है।

### रेल की गति ९६ मील प्रति घंटा

शेल टेनम फ्लायर ने जो कि संसार में सब से तीव्र गति की रेलवे समझी जाती है,

## क्या सचमुच ऐसा ?

यह सुना जाता है कि सत्य कल्पना की अपेक्षा सदैव आश्चर्यमय रहता है। और इसी लिये ऐसा होता है कि जब पहले पहल कितने ही मनुष्यों के सम्मुख सत्य का पर्दा खुल जाता है, तब आश्चर्य से उनके मुंह से निकल पड़ता है—क्या सचमुच ऐसा है ?—यह सवाल आप ही आप हमारे मुँह से निकल पड़ता है। और इसका उत्तर होता है—"हां, यह ऐसा है"। हम लोगों का जीवन ज्ञान प्राप्त करने के लिये ही है।

किसी ऐसे आदमी को उदाहरण स्वरूप लीजिये, जो लन्हुरूटन है, तन्दुरुस्त है बुद्धिमान है और उसमें जानने की अभिलाषा भी है। पर परिस्थिति वश, जिसके लिये वह स्वयं ही उत्तरदायी नहीं है, किसी हितकर भोग्य पदार्थ या पेय से तब तक वह अपरिचित ही रह जाता है, जब तक उसका कोई दोस्त उसके सामने वह चीज नहीं ला रखता। अतः यह स्वाभाविक है कि उसका पहले पहल उपयोग करने में उसे थोड़ी हिचकिचाहट होती है। अपने दोस्त के लुभावने उपहार को ग्रहण करने के पहले उसको उसके विषय में समझाना और राज़ी करना पड़ता है। इसमें

सिनेमा जगत—

# बाल हत्या या खूने नाहक

—०—

[ लेखक—श्री नन्दकिशोर तिवारी ]

निर्माता—ईष्टर्न आर्ट फिल्म कम्पनी, बम्बई।

परिचालकः (डाइरेक्टर) | श्री राम दरयानी

कथानक लेखक—श्री एस दरयानी

ध्वनि आलेखक—वी एस कोठारी

प्रधान पात्र : डी मालिक, दादा भाई सर्कारी, फीरोज दस्तूर, क्रमशः 'ठाकुर', प्रताप व चांद के रूप में।

प्रधान पात्रियाँ—मिस शान्ता कुमारी, चांद कुमारी—क्रमशः चम्पा व सूर्य कुमारी के रूप में।

———

ईष्टर्न आर्ट ने पहले 'प्रेम परीक्षा' फिर

स्कर समझा। फलस्वरूप उसकी दोनों आंखें निकाल ली गईं। और वह जङ्गल में डाल दिया गया। ईश्वरीय प्रेरणा से साधुओं ने उसे पाया और उन्होंने अनेक सेवा सुश्रूषा कर चाँद को भला चंगा कर दिया। नेत्रहीन 'चांद' जङ्गल में अपनी बहिन—चम्पा की याद में ही दिन रात बिताने लगा।

ठाकुर के भी एक पुत्र—मोहन, और एक पुत्री—सूर्य कुमारी थी। चांद और सूर्य कुमारी—बालपन के साथी थे। दोनों में बाल-सुलभ सात्विक प्रेम था। जिस समय ठाकुर चाँद की आंखें निकाल चुका था, वह चाँद को अपनी कटारी से सदा के लिए विदा कर देना चाहता था। परन्तु सूर्य कुमारी ने ही पिस्तौल दिखा कर अपने पिता को उक्त

हो जाती है—यह सोच कर कि उसके प्यारे साथी चांद की जैसी दशा सरे पिता ने की थी उसका यह उचित ही दण्ड है। चम्पा अपने पिता से यह राक्षसी कार्य करने को रोकती है प्रताप बदला लेने को तुला है। ठाकुर की क्षमा-याचना का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। जङ्गल से इसी समय नेत्र-हीन चांद साधुमंडली के साथ आ जाता है। परिस्थिति बदल जाती है। ठाकुर को क्षमा मिल जाती है। सभी 'चांद' को जीवित देख आश्चर्य प्रकट करते हैं। अब चम्पा व मोहन, सूर्यकुमारी व चांद जीवन-संगी बनते हैं। खेल समाप्त हो जाता है।

फिल्म का संक्षेप में सारांश मूल कथानक का दिया गया है। अब उसकी कुछ अच्छाई-या और त्रुटियां क्रम से लिखी जाती हैं।

**कुछ अच्छाइयां** — (१) सतीत्व रक्षा के लिए चम्पा का अनेकानेक कष्ट सहन करना, पिता और भाई का कुछ भी मोह न करना स्त्रियों के हृदय में अच्छा प्रभाव पैदा करता है। (२) जिस प्रकार के मनोहर बाग बगीचों, फव्वारों के दृश्य इस फिल्म में देखने को मिले है, बहुत ही कम फिल्मों में देखे जाते हैं।

(२) देवी के सामने का रंगीन नृत्य अति ही सुन्दर है और प्राचीन नृत्य कला की ओर

### एशिया में—

रोरिक महोदय अमरीका में केवल ४ वर्ष रहे, तत्पश्चात् रोरिक म्यूजियम तथा कुछ अन्य अमरीकन संस्थाओं के तत्त्वावधान में "रोरिक अमरीकन मध्य ऐशियाई खोज पार्टी के नेता बन कर आप इस खोज के लिए चल पड़े। आपके साथ आपके विद्वान पुत्र डाक्टर जार्जेस रोरिक भी हैं। गत १० वर्ष से आप हिन्दुस्तान, तिब्बत, कराकोरम, चीन, आदि प्राच्य देशों में भ्रमण कर रहे हैं। इस भ्रमण में आपको किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा है इसके विस्तृत वर्णन के लिए हजारो पृष्ठो की आवश्यकता होगी, किन्तु इतना यहाँ पर अवश्य लिख देना आवश्यक होगा कि इस यात्रा द्वारा मध्य ऐशिया-विषयक हमारे ज्ञान में बहुत वृद्धि हुई है, और साथ ही साथ कला तथा संस्कृति विषयक चित्रों, हस्तलिखित पुस्तकों, तथा अन्य वस्तुओं के रूप में प्रचुर सामग्री प्राप्त हुई है।

### रोरिक और भारतवर्ष

रोरिक महोदय भारतवर्ष के भक्त हैं। आपको भारतवर्ष से बहुत प्रेम है। आपने नग्गर नामक स्थान पर कुलू की रमणीय घाटी

अपने पैंतलिस वर्ष के जीवन में इस सर्वतोमुखी प्रतिभा के धनी सौदर्योपासक कलाकार ने तीन हजार से अधिक चित्रपट तैयार किये हैं, जो संसार के प्रायः सभी मुख्य देशों में फैले हुए हैं। औसत लगाने से एक चित्रपट लगभग पांच दिन में तैयार हुआ है। जिस पुरुष के सामने चित्र बनाने के अलावा विज्ञान, दर्शन, पुरातत्त्व तथा अन्वेषण सम्बन्धी हजारों काम हों, और फिर यात्रा, व्याख्यान, आदि का प्रोग्राम अलग हो वह किस प्रकार इस काम को कर सका होगा यह सोचने मात्र से आश्चर्य चकित होना पड़ता है। यह भी बात नहीं है कि उनके उत्साह में किसी प्रकार की कमी आई हो अथवा आराम करने को सोच रहे हों। सच पूँछिए तो उनकी नवीन रचनाओं में भी हमें उत्तरोत्तर विकसित स्फूर्ति का तथा एक उन्नति शील आत्मा का परिचय मिलता है। यह सब देखकर यह स्वीकार करना पड़ता है कि रोरिक महोदय एक अद्भुत व्यक्ति हैं।

उनकी कला के बारे में श्री रवीन्द्र के इस पत्र की कुछ पंक्तियां जो कि उन्होंने रोरिक के

### हालदार महोदय की भक्ति पुष्पाञ्जलि

भारतवर्ष के गौरव-स्वरूप प्रसिद्ध कलावन्त श्री असित कुमार हालदार महोदय लिखते हैं—

"प्राचा की यथार्थ कल्पना, जिसका लाक्षणिक आकार हमें विशद हिमालय में प्राप्त होता है वास्तव में आधुनिक जगत के श्रेष्ठतम रचनात्मक दार्शनिक द्वारा अनुभूत हुई है। वह हैं कलाकार निकोलस रोरिक। उन्होंने प्रकृति तथा मानव के छिपे हुए रहस्यों का सार खींच निकाला है और परदे के भीतर के अनन्त जीवन को पहुँचाना है। उन्होंने इसी जीवन में परमानन्द प्राप्त किया है वह आनन्द नहीं जो पृथ्वी की वस्तुओं से प्राप्त होता है वरन् वह आनन्द जो अनन्त में स्थित है। इस प्रकार हम उन्हें उत्कृष्ट चिन्तत तथा दैवी प्रेरणाओं का आगार तथा गहन और संस्कृत अपार शक्ति का केन्द्र कह सकते हैं"

### "रोरिक का मानव जाति के प्रति सन्देश"

महामना रोरिक ने समय समय पर बड़े गंभीर भाव प्रकट किए हैं। उनके शब्दों में विद्युत् की शक्ति है, जिसका असर सीधा हृदय पर होता है, मनुष्य बरबस सतमार्ग की ओर झुक जाता है और उसके हृदय में विश्व-प्रेम और विश्व बंधुत्व के पुनीत भाव लहरें मा-

# शांति का पुजारी कलाकार निकोलस रोरिक

[ लेखक—श्रीयुत रामचन्द्र टण्डन एम० ए०, एल० एल० बी० ]

### परिचय

संसार की उन महान विभूतियों में से जिन्होंने आधुनिक जगत के कल्याण के लिए महान प्रयत्न किया है निकोलस रोरिक भी एक हैं। आपका जन्म सन् १८७४ ई० १० अक्टूबर को, रूस के प्रसिद्ध नगर सेण्ट पीटर्सबर्ग में हुआ था, इनके पिता एक सुविख्यात बैरिस्टर थे। इनका घराना प्राचीन योद्धाओं का घराना था जिसका आदि स्थान स्कैंडि नेविया था। आपकी माता प्राचीन रूसी घराने की कन्या थीं।

### बाल्यकाल

बाल्यकाल से ही इस प्रसिद्ध कलाकार की प्रवृत्ति चित्रकला की ओर रही, और यह एक विशेष शैली के विकास की ओर संलग्न रहा। इनका सतत प्रयत्न इसी ओर कर चित्रकला तथा रेखांकन भी सीख कर उसमें स्नातक पद प्राप्त किया।

### उन्नति का सूत्रपात

रोरिक की उन्नति का इसी समय से सूत्रपात हुआ। पत्र पत्रिकाओं में लेख आदि लिखते रहने से यह प्रसिद्ध तो काफी हो ही चुके थे, इनके अदम्य उत्साह और कला प्रेम से चकित हो लोगों ने इन्हें अपने देश की ललित कलाओं को प्रोत्साहन देने वाली समिति द्वारा संचालित एक म्यूजियम (विचित्रागार) का सहकारी प्रबन्धक बना दिया

सर्वोत्तम चित्र माना गया। आप उसके उपलक्ष में पुरस्कृत तो हुए ही, साथ ही रूस की आर्कीटेक्चरल सोसायटी के सदस्य भी बना दिए गए। इस सोसायटी की सदस्यता निर्माण कला के उन आचार्यों को ही मिला करती है जिनका कला जगत में विशेष स्थान होता है।

### योरोप में

सन् १९१० ई० में आप प्रसिद्ध योरोपीय संस्था "कला जगत" के प्रथम सभापति हुए। आप कला के प्रचार के लिए रात्रि दिन प्रयत्न शील रहे। आपने रूस में कई साहित्यिक, पुरातत्व और कला सम्बन्धी संस्थाओं को और अजायबघरों को जन्म दिया और कई कला प्रदर्शनियां कराईं। रूस के बाहर भी आपके भक्तों की संख्या प्रायः सभी देशों में बढ़ चली थी, अतएव जहां जहां आप गए आप कला का प्रचार करते रहे और प्रदर्शिनियां करवाते रहे आपकी शैली का सर्वत्र आदर हुआ और आप के अनुयायिओं की संख्या भी दिन दिन बढ़ती गई।

### अमरीका में

सन् १९२० ई० में "शिकागो आर्ट इंस्टिट्यूट" की ओर से निमन्त्रण पाकर



निकोलस रोरिक द्वारा निर्मित शांति पताका
इसे कई राष्ट्रों ने स्वीकार किया है

मेष-पाल "लेल"
इलाहाबाद म्यूनिसिपल म्यूजियम

"उजाला अंधकार पर विजय पाता है"
इलाहाबाद म्यूनीसिपल म्यूजियम

# महिला संसार

## स्त्री समाज की प्रगति किस ओर को

—o—

[ लेखक—श्री पर्णदास नैपाली ]

संसार परिवर्तनशील है। सृष्टि के आदि से ही संसार परिवर्तित होता आ रहा है और सृष्टि के अन्त तक भी संसार में परिवर्तन होता रहेगा। जो समाज किसी समय प्रगति के चरम सीमा तक पहुँच चुकी थी, वह भी प्रकृति के नियमानुसार अवनति के शोचनीय अवस्था पर पहुँचा है। और जो समाज पतन के अन्तिम सतह तक पहुँच चुकी है, वह भी एक दिन उन्नति के उस उज्जवलतम शिखर पर पहुँच चुकी है, जिसको प्राप्त करने में मनुष्य मात्र गौरवान्वित होते हैं। उत्थान के बाद पतन, पतन के बाद उत्थान तो लगा ही हुआ है। दिवस रात्रि का आमंत्रित करता है तो रात्रि-दिवस का आवाहन करती है।

वही गर्त पर पहुँची, जहां से उत्थान के लिए एक एक आत्मा चीख उठती है। फिर समय ने तकाज़ा किया कि वे सुषुप्त अवस्था से उठें। तब उनके हृदय में एक हूक उठी। आत्मा की पुकार सी उन्हें सुनाई दी। यदि उस समय वे इस पुकार को अवहेलना करती हुई अपनी उस अवस्था पर ही सन्तुष्ट रहती तो इसमें सन्देह नहीं था कि उनकी कब्र उसी समय खुदवानी पड़ती। पर नहीं, वे चिर-निद्रित नहीं हुईं। कुम्भकरण की नकल उन्होंने नहीं कीं। आत्मा की पुकार को उन्होंने पहिचाना और उसी के स्वरूप वे चलने लगीं। यह पुकार की पहिचान ही उनका उत्थान का पथ प्रदर्शक हो रहा है।

अर्धांगिनी पद से सुशोभित की है। अर्धांगिनी, जो उनके लिए निरर्थक था, वह अब उनके लिए अर्थयुक्त हो गया है। उसके अर्थ से वे अच्छी तरह परिचित हो चुकी हैं। उसके अर्थ अब वे शब्द तक ही परिमित नहीं रखना चाहतीं। वे चाहती है कि इसे कार्य रूप में परिणत करें। ये हुए जाग्रति की देन।

ऐसी जाग्रति के लक्षण देख किस देश हितैषी का सीना खुशी से न फूल उठेगा? अपनी मां का गौरव करने वाले अपने को क्यों न गौरवान्वित समझेंगे।

जब तक जाग्रति का अर्थ आत्योन्नति, राष्टीय उत्थान लगाया जाता है तब तक तो हमें इसकी कह बहुत होती है परन्तु उन्नति का अर्थ जब हम पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण समझने लगेंगे तो हम इसे महत्व देने के बजाय ऐसे मनोवृत्ति को हेय समझेंगे। यही अन्धानुकरण का दोष हमारे उन्नत महिला समाज पर लगाया जा सकता है। वे सभ्यता के माने पश्चिमीय वेश-भूषा का वहां का रहन-सहन का नकल करना समझ लिया है। हाथ में बेग लटकाए ऊँची एड़ी का जूता

( १४ पेज का शेष )

जो उनके लिए हितकर है, वह हमें भी लाभदायक होगा, ऐसा सोचना मूर्खता है। किसी का क्यों न हो अच्छे गुणों का अनुकरण करना हम बुरा नहीं कहते। उनके अच्छे गुणों का तो वे अनुकरण कर रही हैं। नकल भी करने लगी हैं तो उसे, जिसे आज पश्चिमी संसार भी सभ्यता का शाप, उन्नति का कलङ्क समझता है।

यह अन्धानुकरण का मूल कारण न समझ कर सिर्फ हमारे महिला समाज पर ही दोष मढ़ने से भी काम नहीं चलेगा। जो सत्य है, उसके तरफ से आंख मूंद लेना उचित नहीं होगा। गौरांग हमारे शासक हैं और हम शासित। शासक की सभ्यता का असर शासित जाति पर अवश्य पड़ता है। और फिर संसर्ग सम्पर्क से भी ऐसा होना स्वाभाविक है। हम मुसलमानों की आधीनता का अनुभव कर आ चुके हैं। क्या उनकी संस्कृति, रहन-सहन, वेश-भूषा का छाप हमारे ऊपर नहीं पड़ा था। अवश्य पड़ा था। यह इतिहास के विद्यार्थी को अवश्य स्वीकार करना होगा। यह गुलामी की निशानी है, अपने ऊपर किसी का प्रभुत्व

रखें कि देश, काल परिस्थिति के अनुकूल वेष-भूषा, रहन-सहन, आचार-विचार होना चाहिए यह भी न भूलना चाहिए कि पूरब, पूरब की ओर ही रहेगा और पश्चिम, पश्चिम दोनों का सामांजस्य नहीं हो सकेगा। वहां की परिस्थिति भिन्न है और यहां की भिन्न वहां के जीवन की दृष्टि कोण तथा यहां की दृष्टि कोण में बहुत अन्तर है। वे अपने जीवन की सफलता भौतिक सफलता के तराजू पर तौलते हैं तो हम अपने जीवन को आध्यात्मिक कसौटी पर कसते हैं। वह भौतिक वाद जिसमें पड़ कर पाश्चात्य देश अपने आप को उस महा समर की धधकती हुई अग्नि में आहुती देने को तैयार बैठा है, अपने लिए हितकर होगा या आध्यातमिक बाद यह विचार को अपने हृदय में स्थान देना चाहिए। और यह भी स्मरण रहे कि किसी की गुलामी का तौक प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण करने के बदले अपने स्वतंत्र पुराने संस्कृति तथा आदर्श को अपनाना कहीं श्रेयष्कर एक गौरव पूर्ण है।

——

## 'हिन्दुस्तान' की नियमावली

"हिंदुस्तान" प्रति सप्ताह मंगलवार को प्रकाशित होगा।

"हिंदुस्तान" का वार्षिक मूल्य ३) है, छमाही २), और तिमाही १।) और एक प्रति एक आने को मिलेगी। जो सज्जन ग्राहक बनना चाहें वे वी० पी० मगाने के बजाए अगर मनीआर्डर से दाम भेज दें तो इसमें हमें भी सुविधा रहेगी।

स्थायी विज्ञापनदाताओं के लिए विज्ञापन छपाई की दर लेखों; समाचारों आदि के सामने के स्थान में २०) पृष्ट और अन्यत्र १३॥) पृष्ट होगी। छोटे विज्ञापनों की दर ।=) फी इंच या इससे अधिक बार छपवाएंगे उन्हें ५ फी सैकड़ा कमीशन काट दिया जाएगा।

फुटकर विज्ञापानदाताओं के लिए विज्ञापन छपाई की दर =) फी लाइन और १॥) फी इंच होगी।

विज्ञापन की दर में कोई कमी नहीं होगी। कोई सज्जन इसके लिए पत्र व्यवहार न करें।

"हिंदुस्तान" में अश्लील विज्ञापन नहीं छापे

पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

1. पत्र का नाम — आज

2. प्रकाशन स्थान — वाराणसी

3. तारीख — 9 OCT 1974

# निकोलाई रोरिक की महानता

**('युनेस्को' के निर्णय के अनुसार महान रूसी चित्रकार, विद्वान और गण्यमान व्यक्ति निकोलाई रोरिक (०८७४-१९४७) की जन्मशती इस वर्ष ९ अक्तूबर को मनायी जा रही है।)**

निकोलाई रोरिक का जन्म सेंट पीटर्सबर्ग के एक नोटरी परिवार में हुआ था। उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय के ललितकला अकादमी और विधि विभाग में अध्ययन किया। रोरिक को जीवन में शीघ्र ही प्रसिद्धि मिल गयी। उनकी प्रदर्शनियां निरपवाद रूप से सफल रहीं। जैसाकि एक अमरीकी समाचारपत्र ने लिखा, उनकी हर प्रदर्शनी ने तहलका मचा दिया। संग्रहालय और व्यक्तिगत चित्र दीर्घाओं के स्वामी इस रूसी चित्रकार की कृतियों को खरीदने के सपने देखा करते थे।

कला समीक्षक रोरिक की कृतियों को अनेक कालों में बांटते हैं। लेकिन "रूसी काल" प्रमुख था और वह जीवनपर्यंत रहा। रोरिक ने नार्वे के प्राकृतिक दृश्यों के और हिमालय पर्वत श्रृंखला के चित्र अंकित किये, अमरीकी भूदृश्यों एवं तिब्बत की देवस्थानों के चित्र बनाये। पर हर चित्रण में और हर वस्तु में वह कुछ ऐसा प्रदर्शित करते थे, जो उनका निजी हो। उनका यह विश्वास था कि कला को जनगण में तादात्म्य भाव उत्पन्न करना चाहिए और उन्हें उस न्यायोचित एवं सुखपूर्ण जीवन के योग्य बनाना चाहिए, जो मानवजाति के लिए भविष्य में नियत है।

अपने विद्यार्थी जीवन में ही निकोलाई रोरिक एशिया की ओर उसके प्राचीन दार्शनिकों की शिक्षाओं की ओर, उसकी उत्कृष्ट कला-कृतियों, प्राचीन काल के स्मारकों की ओर आकृष्ट हो गये थे।

उनके ७३ वर्षीय जीवन में से ४२ वर्ष रूस में व्यतीत हुए और बाकी के २० वर्ष भारत में और १० से ऊपर वर्ष योरप, अमरीका, अफ्रीका और एशिया के विस्तृत भ्रमण में व्यतीत हुए।

रोरिक ने अपने अभियानों के दौरान अत्यंत मूल्यवान नृशास्त्रीय सामग्री तथा विभिन्न रुचिकर वस्तुओं का संग्रह किया, भारतीय कला-कृतियों का तथा मंगोलियाई और तिब्बती महाकाव्यों का अध्ययन किया।



निकोलाई रोरिक

चित्रकार रोरिक, मानवतावादी रोरिक, देशभक्त रोरिक, अंतर्राष्ट्रीयतावादी रोरिक से अभिन्न नहीं हैं। चित्रकार और लेखक, कवि एवं इतिहासज्ञ, दार्शनिक एवं यात्री अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में वे अपनी मातृभूमि के प्रति, मित्रता एवं शांति के प्रति समर्पित थे।

जवाहरलाल नेहरू ने रोरिक के कार्यकलाप के आयाम व विविधता का और उनकी सृजनात्मक प्रतिभा का एकाधिक बार उल्लेख किया था। नेहरू उन्हें महान चित्रकार, बहुत बड़ा विद्वान एवं लेखक, पुरातत्वज्ञ और अन्वेषक मानते थे, जिसने मानव-प्रयास के अनेक पहलुओं का स्पर्श किया और उन्हें विकसित किया।

जब द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ा तो रोरिक भारत में थे। वह यहां पर १९३५ से रह रहे थे और उन्होंने अपना अभियान पूरा कर लिया था तथा उसके बाद एकत्र सामग्री पर कार्य किया था। भारतीय जन के मुक्ति आंदोलन को समर्थन प्रदान करने के लिए तथा देश की संस्कृति व कला के प्रति उनके प्रेम व ज्ञान के कारण रोरिक को भारत में बहुत लोकप्रियता और सम्मान प्राप्त था।

निकोलाई रोरिक ने एक बार भी यह सन्देह व्यक्त नहीं किया कि फासिज्म की ताकतों पर सोवियत जनता की विजय नहीं होगी। उन्होंने सोवियत संघ पर हिटलर द्वारा विश्वासघातपूर्ण आक्रमण के तत्काल बाद यह बात समाचारपत्रों के माध्यम से कही और अपने चित्रों द्वारा व्यक्त की। उस काल के चित्र हैं: "इगौर का युद्ध अभियान", "पक्षधर" और विजेता"।

उन्होंने ही अमरीकी-रूसी सांस्कृतिक संघ के गठन में पहल की, जिसके सदस्यों में अर्नेस्ट हेमिंग्वे, रौकवेल केंट और चार्ली चैप्लिन शामिल थे।

द्वितीय विश्वयुद्ध की तोपें अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थीं कि रोरिक ने सोवियत संघ लौटने की तैयारी शुरू कर दी। लेकिन ऐसा हो न सका। बीमारी के कारण वे बिस्तर पर पड़ गये। जब तक उनके लौटने की तैयारियां पूरी हुई वे चल बसे। उन्होंने अपने जिन चित्रों की वसीयत राष्ट्र के नाम की थी, उन्हें उनके पुत्र यूरी सोवियत संघ ले आये।

■ जी. पेत्रोस्थान

प. सू. का. 87
GMGIPND—Jo

# ಪ್ರಜಾವಾಣಿ

ಸಂಪಾದಕ : ಟಿ. ಎಸ್. ರಾಮಚಂದ್ರರಾವ್

PRAJAVANI ಬೆಂಗಳೂರು ಶುಕ್ರವಾರ ೧೧–೪–೧೯೭೫ CITY

ಪ್ರಜಾವಾಣಿ ಶುಕ್ರವಾರ 11ನೇ ಏಪ್ರಿಲ್ 1975 ಪುಟ 5

ಖ್ಯಾತ ಕಲಾವಿದ ಸ್ವೆಟೊಸ್ಲಾವ್ ರೋರಿಕ್ ಅವರನ್ನು ನಗರದಲ್ಲಿ ಬುಧವಾರ ಸನ್ಮಾನಿಸಲಾಯಿತು. ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿ ಡಿ. ದೇವರಾಜಅರಸು ಕಲಾವಿದ ರೋರಿಕ್, ವಿಧಾನಸಭಾ ಧ್ಯಕ್ಷೆ ಕೆ. ಎಸ್. ನಾಗರತ್ನಮ್ಮ ಮತ್ತು ರೋರಿಕ್ ಅವರ ಪತ್ನಿ ದೇವಿಕಾರಾಣಿ ರೋರಿಕ್ ಅವರು ಚಿತ್ರದಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ.

पालकी

और अब प्रकाशित हो रहा है

**पालकी** पाक्षिक का

टेलीविजन विशेषांक

टेलीविजन जगत

के बारे में अभूतपूर्व सामग्री

और टेलीविजन के पर्दे पर

# परिक्रमा

## रोरिख की मास्को विजय

उस दिन प्रसिद्ध चित्रकार सवस्तेलोव रोरिख से भेंट हुई। वह और उनकी पत्नी श्रीमती देविका रानी तीन मास के रूस प्रवास के पश्चात स्वदेश लौटे थे। रोरिख दम्पत्ति मास्को और लेलिनग्राड गये थे जहां सवस्तेलोव और उनके स्वर्गीय पिता निकोलस रोरिख के चित्रों की कला प्रदर्शनी आयोजित हुई थी। सवस्तेलोव की चित्रकला प्रदर्शनी अभी भी लेनिन ग्राड में चल रही है।



रोरिख दम्पत्ति से जब-जब भी मिला हूं, उनके व्यक्तित्व ने तथा इससे भी अधिक भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा ने इतना प्रभावित किया है कि लगता है कि भारतीय संस्कृति तथा भारतीय जीवन दर्शन के जितने सुलझे हुए व्याख्याकार रूस में जन्में भारत में रहे सवस्तेलोव रोरिख हो सकते हैं, उतने अच्छे-अच्छे भारतीय व्याख्याकार नहीं हो सकते।

यही कारण है कि अबकी बार मैंने चित्रकार रोरिख से आग्रह किया कि वे भारती संस्कृति से सम्बद्ध अपने लेखों और भाषणों को सम्पादित करके अवश्य प्रकाशित कराएं।

रूस यात्रा की चर्चा करते हुए रोरिख दम्पत्ति ने बताया कि चौहद वर्ष पूर्व देखे रूस और आज के रूस में उल्लेखनीय अन्तर आ चुका है। न केवल नगरों और कस्बों में व्यापार निर्माण कार्य तो हुआ ही है। साक्षरता ने सामान्य जन में अध्ययन के प्रति अपार उत्साह जागृत कर दिया है।

प्रदर्शनियों के दौरान हजारों लोग रोरिख दम्पत्ति से मिले और उन्होंने चित्रकला, संस्कृति अध्यात्मवाद आदि कितने ही विषयों पर बात चीत की। सवस्तेलोव ने बताया कि मिलने वालों का सिलसिला जो सुबह नौ बजे आरम्भ होता था तो फिर दोपहर के भोजन को छोड़ सध्या तक चलता था। यही वजह है कि मैं इन तीन महीनों में चाह कर भी एक पेंटिंग न कर सका।'

## अलबिदा मुनव्वर

सोमवार ४ फरवरी की आधी रात को एक बार दुर्घटना में उत्तर भारत के लोकप्रिय फिल्म प्रचारक, पुराने पत्रकार और मेरे घनिष्ट मित्र श्याम सुन्दर मुनव्वर का स्वर्गवास हो गया। इस कार में पांच अन्य पत्रकार भी थे जो बाल-बाल बच गए। दुर्भाग्य से मुनव्वर भाई के सर पर इतनी जोर की चोट लगी कि उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

मुनव्वर भाई ने भारत विभाजन से पूर्व लाहौर में एक पत्रकार के रूप में अपना जीवन आरम्भ किया था। स्वाधीनता के बाद वह दिल्ली आ गए और तब से वह वहां 'चित्रों' के सहयोगी सम्पादक तथा फिल्म प्रचारक के रूप में कार्य कर रहे थे। पिछले पच्चीस वर्षों में हम लोगों में कई बार सिद्धान्तों और विचारों को लेकर तकरारें भी हुईं पर ऐसा कभी नहीं हुआ कि बोलचाल बन्द हुई हो। जब कभी मुंह चढ़े भी तो वह यह कहकर सब गिले शिकवे धो डालते थे कि—कभी हम तुम में भी चाह थी तुम्हें याद हो कि न याद हो।

फिल्म प्रचारक होने के बावजूद उन्होंने सदा पत्रकारों का साथ दिया और हमेशा इस बात का प्रयास किया कि हर पत्रकार को पूरा मान मिले।

इसमें सन्देह नहीं कि मुनव्वर भाई की मौत ने जहां फिल्म जगत से एक अच्छा प्रचारक छीन लिया वहां पत्रकार बिरादरी का एक अच्छा दोस्त भी छीन लिया।

## पुरुष स्ट्रिपर

स्ट्रिप गर्ल्स का नाम तो आपने अवश्य सुना होगा। हमारे यहां के कुछ महानगरों में जो बड़े-बड़े होटल हैं उनमें कैबरे के दौरान स्ट्रिपडांस भी होते हैं। अन्तर है तो बस इतना कि पश्चिमी देशों में स्ट्रिप गर्ल्स पूर्णतया निवस्त्र हो जाती हैं। भारत में कैबरे कानून अंगिया और जांघिया उतारने की अनुमति नहीं देता।

खैर आज मैं आपको एक स्ट्रिप-मैन से मिला रहा हूं। इस पुरुष स्ट्रिपर का नाम ब्रेयन जेसन है। २५ वर्षीय जैसन का वक्ष ४५ इन्च कमर २८ इन्च तथा नितम्ब ३६ इंच है। इस स्ट्रिप मैन का काम है महिला क्लबों और महिलाओं की पार्टियों में जाकर स्ट्रिप होना।

आम तौर पर ब्रेयन क्लबों में मंच पर पूरे वस्त्र पहन कर आता है और फिर हंसते, मजाक करते एक-एक करके उन्हें उतारता है। ब्रेयन ने यह स्वीकार किया है कि कुछ पार्टियों में उससे पूर्णतयः निर्वस्त्र होने को भी कहा जाता है। पर अन्तिम वस्त्र अर्थात नीला जांघिया वह बहुत सोच समझकर उतारता है।

ब्रेयन का कहना है कि सामान्यतः युवतियां उसके साथ छीना झपटी नहीं करतीं। हां अपने फोन नम्बर और पते अवश्य थमा देती हैं। पर एक बार एक पार्टी में १५ युवतियों के एक झुण्ड ने उस पर आक्रमण कर दिया था। 'मैंने बड़ी कठिनाई से अपने सम्मान की रक्षा की' उसने हंसकर कहा।

## लाल खतरा

बात लाल खतरे की है पर उस लाल खतरे की नहीं जिसका साम्यवादियों से है संबध है और न ही परिवार नियोजन के लाल तिकोन की।

यह किस्सा है एक जर्मन जोखिम रेफ्तिमेन का जिस पर पिछले दिनों पश्चिमी जर्मनी की एक कचहरी में जुर्माना किया गया। रेफ्तिमेन का अपराध था कि उसने आठ महीने की अवधि में लाल बालों वाले तीन व्यक्तियों की पिटाई कर दी थी।

जब कचहरी में उससे पूछा गया कि आखिर वह लाल बालों वाले व्यक्तियों को क्यों पीटता है तो उसने कहा कि वह एक वर्ष से बहुत परेशान है। करीब एक साल हुआ एक दिन उसकी पत्नी ने आधी रात को कहा कि अभी अभी उसने एक सपना देखा है। सपने में परमात्मा ने उससे कहा कि लाल बालों वाले राक्षस से अपनी रक्षा करो।' उस दिन से मेरी पत्नी मेरे साथ नहीं सोती। यही वजह है कि जब कभी भी मैं किसी लाल बालों वाले इन्सान को देखता हूं मुझे भय होता है कि कहीं यही वह व्यक्ति न हो।'

—क० श्रीवास्तव

"आओ पिकनिक चलें" फोटो फीचर बहुत पसन्द आया। दूसरे लेख भी अच्छे रहे लेकिन 'चटखारे' की कमी खटकती रही। पालकी का इतनी बेताबी से इन्तजार रहता है लेकिन इस बार आपने हमें निराश कर दिया। कृपया कार्टून और चटखारे अवश्य दिया करें।

**विनय, भागलपुर**

पालकी का द्वितीय अंक मेरे सामने है। 'टूटने के बाद' कहानी के लेखक को हमारी ओर से धन्यवाद। आशा है आप भविष्य में भी ऐसी ही कहानियां छापेंगे। राना रेज का लेख भी पसन्द आया। 'मेरी नजर में' में तीन फिल्म रिव्यू में वास्तव में फिल्मों की सही तसवीर खींची गई है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में इस पृष्ठ पर अपने विचार इसी भांति देते रहेंगे। ऐसे निर्भीक रिव्यू सभी दें तो हिन्दी फिल्मों का घिसा पिटापन निश्चय ही दूर हो सकता है।

**अरुण निगम, दिल्ली**

पालकी का फरवरी (द्वितीय) अंक पढ़ा। राना रेज का लेख बहुत पसन्द आया। 'सहारे के मोहताज ये सितारे' के बारे में मुझे खेद से कहना पड़ता है कि जिन सितारों के बारे में बी. सुशीला ने लिखा है वे सितारे अपनी फिल्मों में काफी उभरे हैं राजकुमार और शशी कपूर जैसे सितारों को भी सहारे के मोहताज बना दिया यह बिलकुल सही नहीं उतरता।

पालकी ने इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं से हमें अवगत करवाया इसकी खुशी है कि विभिन्न प्रदेशों के भावी कलाकारों का परिचय प्राप्त हुआ।

**सुजाता, कानपुर**

**पारिवारिक पत्रिका**

फिल्म के साथ-साथ पालकी एक पारिवारिक पत्रिका भी है इसकी हमें हार्दिक प्रसन्नता है। इसमें कुछ लेख युवा वर्ग के लिए बहुत सहायक सिद्ध होते हैं मुझे आशा है आप इसे चटखारे से वंचित नहीं करेंगे। इस अंक में आपने चटखारे नहीं दिये हैं।

पालकी के फरवरी अंक में जरीना वहाब और विद्यासिन्हा पर लेख पसन्द आए। जब आपने पालकी आरम्भ की थी तो आप इसमें "आप पूछिए हम बतायें" 'फिल्म समीक्षा' और 'सरे राह चलते चलते' इत्यादि स्तम्भ दिया करते थे लेकिन अब जब पालकी हमारी कमजोरी बन चुकी है आपने इन स्तम्भों को बंद कर दिया। कृपया इन्हें फिर शुरू करें। आपसे एक अनुरोध भी है कि आप इसमें "पत्र-मित्र" स्तम्भ भी शुरू करें।

**—ओमप्रकाश मक्कड़, नई दिल्ली**

[फिल्म समीक्षा मौजूद है। 'सरे राह चलते चलते' के स्थान पर 'परिक्रमा' ले ली है। रह गए 'आप पूछिए हम बताएं' को पुनः आरम्भ करने पर विचार हो रहा है। —सं.]

## आप भी लिखिए

### डाक तार विभाग कितना जागरूक

इस वर्ष २६ जनवरी को गणतन्त्र दिवस पर डाक तार विभाग ने एक विशेष डाक टिकट जारी किया। टिकट बहुत सुन्दर है लेकिन उसमें तार-विभाग द्वारा एक भयंकर गलती होने के कारण टिकट की रौनक जाती रही। टिकट का मूल्य २५ पैसे है, लेकिन टिकट पर २५ छपा हुआ है उसके आगे पैसे या रुपये नहीं छापे गये हैं। यदि ऐसा जानबूझ कर किया गया है तो इसका कारण समझ में नहीं आया। डाक-तार-विभाग को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रमाणिकता के लिए टिकट भी हाजिर हैं।

**—राजेश सिंघल, (विदिशा)**

### शिल्पकार की खोज

मेरा आपसे अनुरोध है कि 'पालकी' पत्रिका में एक ऐसा भी स्तम्भ होना चाहिए जिसके जरिये फिल्मी दुनिया से सम्बन्धित सवालों का जवाब 'पालकी' द्वारा दिए गए। जैसे फिल्म 'मुगले आज़म' में शिल्पकार का रोल किस कलाकार ने किया था। जिसका उत्तर मुझे मालूम नहीं है।

धन्यवाद

**शशि कपूर रामदेव, बीकानेर**

[सुझाव विचाराधीन है। फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में शिल्पकारकी भूमिका स्वर्गीय कुमार ने की थी। —सं.]

### अपूर्णता की शिकायत

'पालकी' जनवरी प्रथम १९७५ अंक मिला। इसमें भी उपकार चोपड़ा जी द्वारा व्यवसाय का चुनाव 'माडलिंग' लेख अपूर्ण है! शायद 'पालकी' ने भी आंख मीच कर ही इसे प्रकाशित कर दिया है।

श्री उपकार चोपड़ा जी से निवेदन करूंगा कि वह 'पालकी' में ही यह लिख कर भेजे कि इस व्यवसाय में प्रवेश कैसे पायें। कहां सम्पर्क स्थापित करना चाहिये। कुछ विज्ञापन एजेन्सियों के नाम भी अवश्य लिखें।

**एस. पी. कोहली, बरेली**

[एजेन्सीज के पते देने में व्यावहारिक कठिनाई है। व्यवसाय में रुचि रखने वालों को स्वयं माडलिंग अथवा विज्ञापन एजेन्सियों से संपर्क करना पड़ेगा।]

### साजिद नहीं

जनवरी १९७५ का नये कलाकारों के बारे में विशेषांक निकाला था पढ़कर बेहद खुशी हुई। हर एक नये कलाकारों से अच्छे ढंग से परिचय कराया। साथ में आपने उनके पते भी दिये। जिससे मैं आपका बहुत आभारी हूं। नये कलाकारों में एक कलाकार 'साजिद' अभिनेता को छोड़ दिया इसका दुख है। स्तम्भ में साजिद का न तो आपने चित्र दिया न ही उनकी आने वाली फिल्मों के नाम बताये।

**अलताफ अहमद, जोधपुर**

[साजिद नया कलाकार नहीं। यह १८ वर्ष पूर्व 'मदर इण्डिया' और फिर 'सन आफ इंडिया' में अभिनय कर चुका है। नायक के रूप में भी वह १९७३ में 'सवेरा' में आ चुका है सं०]


पालकी में अगली बार

रंग से सराबोर राष्ट्रीय पर्व होली के अवसर पर होली अंक

हंसने हंसाने वाली ढेर सारी पठनीय सामग्री चित्र, कार्टून - लेख

फिल्म जगत के कुछ माने हुए हंसोड़ के सतरंगे चित्र और दिलचस्प परिचय

दो कहानियां एक उपन्यास दर्जन भर लेख और हंसी के फव्वारे

और सभी प्रसिद्ध हास्य कलाकारों का परिचय

अपनी प्रति आज ही रिजर्व करा लें

बम्बई में अपार सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ अब राजधानी में भी अपार सफलता प्राप्त कर रहा है



आई के फिल्म्स
प्रस्तुत करते है

# अनाड़ी

EASTMANCOLOR FAMOUS LAB

शशि कपूर
शर्मिला टैगोर
मौसमी चटर्जी

निर्देशक :
असित सेन

संगीत :
लक्ष्मीकांत प्यारे लाल

गीत :
मजरूह सुल्तानपुरी

निर्माता :
सतीश भल्ला
तथा
इन्दर कपूर

P.R.O. MOHAN SEHGAL

meera • prabhu

प्रचारक :
आई के फिल्म्स, इस्माइल बिल्डिंग, पहला माला ३८१, डी० एन० रोड, बम्बई-१ Tel.: 315516

Regd. No. D-(C) 445 **PALKI** HINDI FOURTNIGHTLY R. No. 23993/73

*For Circulation & Trade Enquiries Contact* "DREAM STAR' Pratap Bhawan, 5, B. S. Zafar Marg, New Delhi-110001.




**dream star**




MONTHLY FILM PICTORIAL

**dream star**

- First creative magazine from entire North India in English
- First magazine with 24 pages in four colours
- First Unique Endeavour in-Tourism

# पालकी

# परिक्रमा

## रोरिख की मास्को विजय

उस दिन प्रसिद्ध चित्रकार सवस्तेलोव रोरिख से भेंट हुई। वह और उनकी पत्नी श्रीमती देविका रानी तीन मास के रूस प्रवास के पश्चात स्वदेश लौटे थे। रोरिख दम्पत्ति मास्को और लेलिनग्राड गये थे जहां सवस्तेलोव और उनके स्वर्गीय पिता निकोलस रोरिख के चित्रों की कला प्रदर्शनी आयोजित हुई थी। सवस्तेलोव की चित्रकला प्रदर्शनी अभी भी लेनिन ग्राड में चल रही है।



रोरिख दम्पत्ति से जब-जब भी मिला हूं, उनके व्यक्तित्व ने तथा इससे भी अधिक भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा ने इतना प्रभावित किया है कि लगता है कि भारतीय संस्कृति तथा भारतीय जीवन दर्शन के जितने सुलझे हुए व्याख्याकार रूस में जन्में भारत में रहे सवस्तेलोव रोरिख हो सकते हैं, उतने अच्छे-अच्छे भारतीय व्याख्याकार नहीं हो सकते।

यही कारण है कि अबकी बार मैंने चित्र-कार रोरिख से आग्रह किया कि वे भारती संस्कृति से सम्बद्ध अपने लेखों और भाषणों को सम्पादित करके अवश्य प्रकाशित कराएं।

रूस यात्रा की चर्चा करते हुए रोरिख दम्पत्ति ने बताया कि चौहद वर्ष पूर्व देखे रूस और आज के रूस में उल्लेखनीय अन्तर आ चुका है। न केवल नगरों और कस्बों में व्यापार निर्माण कार्य तो हुआ ही है। साक्षरता ने सामान्य जन में अध्ययन के प्रति अपार उत्साह जागृत कर दिया है।

प्रदर्शनियों के दौरान हजारों लोग रोरिख दम्पत्ति से मिले और उन्होंने चित्रकला, संस्कृति अध्यात्मवाद आदि कितने ही विषयों पर बात चीत की। सवस्तेलोव ने बताया कि मिलने वालों का सिलसिला जो सुबह नौ बजे आरम्भ होता था तो फिर दोपहर के भोजन को छोड़ सध्या तक चलता था। यही वजह है कि मैं इन तीन महीनों में चाह कर भी एक पेंटिंग न कर सका।'

## अलबिदा मुनव्वर

सोमवार ४ फरवरी की आधी रात को एक बार दुर्घटना में उत्तर भारत के लोकप्रिय फिल्म प्रचारक, पुराने पत्रकार और मेरे घनिष्ट मित्र श्याम सुन्दर मुनव्वर का स्वर्गवास हो गया। इस कार में पांच अन्य पत्रकार भी थे जो बाल-बाल बच गए। दुर्भाग्य से मुनव्वर भाई के सर पर इतनी जोर की चोट लगी कि उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

मुनव्वर भाई ने भारत विभाजन से पूर्व लाहौर में एक पत्रकार के रूप में अपना जीवन आरम्भ किया था। स्वाधीनता के बाद वह दिल्ली आ गए और तब से वह वहां 'चित्रों' के सहयोगी सम्पादक तथा फिल्म प्रचारक के रूप में कार्य कर रहे थे। पिछले पच्चीस वर्षों में हम लोगों में कई बार सिद्धान्तों और विचारों को लेकर तकरारें भी हुईं पर ऐसा कभी नहीं हुआ कि बोलचाल बन्द हुई हो। जब कभी मुंह चढ़े भी तो वह यह कहकर सब गिले शिकवे धो डालते थे कि—कभी हम तुम में भी चाह थी तुम्हें याद हो कि न याद हो।

फिल्म प्रचारक होने के बावजूद उन्होंने सदा पत्रकारों का साथ दिया और हमेशा इस बात का प्रयास किया कि हर पत्रकार को पूरा मान मिले।

इसमें सन्देह नहीं कि मुनव्वर भाई की मौत ने जहां फिल्म जगत से एक अच्छा प्रचारक छीन लिया वहां पत्रकार विरादरी का एक अच्छा दोस्त भी छीन लिया।

## पुरुष स्ट्रिपर

स्ट्रिप गर्ल्स का नाम तो आपने अवश्य सुना होगा। हमारे यहां के कुछ महानगरों में जो बड़े-बड़े होटल हैं उनमें कैबरे के दौरान स्ट्रिपडांस भी होते हैं। अन्तर है तो बस इतना कि पश्चिमी देशों में स्ट्रिप गर्ल्स पूर्णतया निवस्त्र हो जाती हैं। भारत में कैबरे कानून अंगिया और जांघिया उतारने की अनुमति नहीं देता।

खैर आज मैं आपको एक स्ट्रिप-मैन से मिला रहा हूं। इस पुरुष स्ट्रिपर का नाम ब्रेयन जेसन है। २५ वर्षीय जेसन का वक्ष ४५ इन्च कमर २८ इन्च तथा नितम्ब ३६ इंच है। इस स्ट्रिप मैन का काम है महिला क्लबों और महिलाओं की पार्टियों में जाकर स्ट्रिप होना।

आम तौर पर ब्रेयन क्लबों में मंच पर पूरे वस्त्र पहन कर आता है और फिर हंसते, मजाक करते एक-एक करके उन्हें उतारता है। ब्रेयन ने यह स्वीकार किया है कि कुछ पार्टियों में उससे पूर्णतय: निर्वस्त्र होने को भी कहा जाता है। पर अन्तिम वस्त्र अर्थात नीला जांघिया वह बहुत सोच समझकर उतारता है।

ब्रेयन का कहना है कि सामान्यत: युवतियां उसके साथ छीना झपटी नहीं करतीं। हां अपने फोन नम्बर और पते अवश्य थमा देती हैं। पर एक बार एक पार्टी में १५ युवतियों के एक झुण्ड ने उस पर आक्रमण कर दिया था। 'मैंने बड़ी कठिनाई से अपने सम्मान की रक्षा की' उसने हंसकर कहा।

## लाल खतरा

बात लाल खतरे की है पर उस लाल खतरे की नहीं जिसका साम्यवादियों से है संबंध है और न ही परिवार नियोजन के लाल तिकोन की।

यह किस्सा है एक जर्मन जोखिम रेफ्ति-मेन का जिस पर पिछले दिनों पश्चिमी जर्मनी की एक कचहरी में जुर्माना किया गया। रेफ्तिमेन का अपराध था कि उसने आठ महीने की अवधि में लाल बालों वाले तीन व्यक्तियों की पिटाई कर दी थी।

जब कचहरी में उससे पूछा गया कि आखिर वह लाल बालों वाले व्यक्तियों को क्यों पीटता है तो उसने कहा कि वह एक वर्ष से बहुत परेशान है। करीब एक साल हुआ एक दिन उसकी पत्नी ने आधी रात को कहा कि अभी अभी उसने एक सपना देखा है। सपने में पर-मात्मा ने उससे कहा कि लाल बालों वाले राक्षस से अपनी रक्षा करो।' उस दिन से मेरी पत्नी मेरे साथ नहीं सोती। यही वजह है कि जब कभी भी मैं किसी लाल बालों वाले इन्सान को देखता हूं मुझे भय होता है कि कहीं यही वह व्यक्ति न हो।'

—ब० श्रीवास्तव

# आप भी लिखिए

"आओ पिकनिक चलें" फोटो फीचर बहुत पसन्द आया। दूसरे लेख भी अच्छे रहे लेकिन 'चटखारे' की कमी खटकती रही। पालकी का इतनी बेताबी से इन्तजार रहता है लेकिन इस बार आपने हमें निराश कर दिया। कृपया कार्टून और चटखारे अवश्य दिया करें।

**विनय, भागलपुर**

पालकी का द्वितीय अंक मेरे सामने है। 'टूटने के बाद' कहानी के लेखक को हमारी ओर से धन्यवाद। आशा है आप भविष्य में भी ऐसी ही कहानियां छापेंगे। राना रेज का लेख भी पसन्द आया। 'मेरी नजर में' में तीन फिल्म रिव्यू में वास्तव में फिल्मों की सही तसवीर खींची गई है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में इस पृष्ठ पर अपने विचार इसी भांति देते रहेंगे। ऐसे निर्भीक रिव्यू सभी दें तो हिन्दी फिल्मों का घिसा पिटापन निश्चय ही दूर हो सकता है।

**अरुण निगम, दिल्ली**

पालकी का फरवरी (द्वितीय) अंक पढ़ा। राना रेज का लेख बहुत पसन्द आया। 'सहारे के मोहताज ये सितारे' के बारे में मुझे खेद से कहना पड़ता है कि जिन सितारों के बारे में बी. सुशीला ने लिखा है वे सितारे अपनी फिल्मों में काफी उभरे हैं राजकुमार और शशी कपूर जैसे सितारों को भी सहारे के मोहताज बना दिया यह बिलकुल सही नहीं उतरता।

पालकी ने इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं से हमें अवगत करवाया इसकी खुशी है कि विभिन्न प्रदेशों के भावी कलाकारों का परिचय प्राप्त हुआ।

**सुजाता, कानपुर**

**पारिवारिक पत्रिका**

फिल्म के साथ-साथ पालकी एक पारिवारिक पत्रिका भी है इसकी हमें हार्दिक प्रसन्नता है। इसमें कुछ लेख युवा वर्ग के लिए बहुत सहायक सिद्ध होते हैं मुझे आशा है आप इसे चटखारे से वंचित नहीं करेंगे। इस अंक में आपने चटखारे नहीं दिये हैं।

पालकी के फरवरी अंक में जरीना वहाब और विद्यासिन्हा पर लेख पसन्द आए। जब आपने पालकी आरम्भ की थी तो आप इसमें "आप पूछिए हम बतायें" 'फिल्म समीक्षा' और 'सरे राह चलते चलते' इत्यादि स्तम्भ दिया करते थे लेकिन अब जब पालकी हमारी कमजोरी बन चुकी है आपने इन स्तम्भों को बंद कर दिया। कृपया इन्हें फिर शुरू करें। आपसे एक अनुरोध भी है कि आप इसमें "पत्र-मित्र" स्तम्भ भी शुरू करें।

**—ओमप्रकाश मक्कड़, नई दिल्ली**

[फिल्म समीक्षा मौजूद है। 'सरे राह चलते चलते' के स्थान पर 'परिक्रमा' ले ली है। रह गए 'आप पूछिए हम बताए' को पुनः आरम्भ करने पर विचार हो रहा है। —सं.]

## डाक तार विभाग कितना जागरूक

इस वर्ष २६ जनवरी को गणतन्त्र दिवस पर डाक तार विभाग ने एक विशेष डाक टिकट जारी किया। टिकट बहुत सुन्दर है लेकिन उसमें तार-विभाग द्वारा एक भयंकर गलती होने के कारण टिकट की रौनक जाती रही। टिकट का मूल्य २५ पैसे है, लेकिन टिकट पर २५ छपा हुआ है उसके आगे पैसे या रुपये नहीं छापे गये हैं। यदि ऐसा जानबूझ कर किया गया है तो इसका कारण समझ में नहीं आया। डाक-तार-विभाग को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रमाणिकता के लिए टिकट भी हाजिर हैं।

**—राजेश सिंघल, (विदिशा)**

## शिल्पकार की खोज

मेरा आपसे अनुरोध है कि 'पालकी' पत्रिका में एक ऐसा भी स्तम्भ होना चाहिए जिसके जरिये फिल्मी दुनिया से सम्बन्धित सवालों का जवाब 'पालकी' द्वारा दिए गए। जैसे फिल्म 'मुगले आजम' में शिल्पकार का रोल किस कलाकार ने किया था। जिसका उत्तर मुझे मालूम नहीं है।

धन्यवाद

**शशि कपूर रामदेव, बीकानेर**

[सुझाव विचाराधीन है। फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में शिल्पकारकी भूमिका स्वर्गीय कुमार ने की थी। —सं०]

## अपूर्णता की शिकायत

'पालकी' जनवरी प्रथम १९७५ अंक मिला। इसमें भी उपकार चोपड़ा जी द्वारा व्यवसाय का चुनाव 'माडलिंग' लेख अपूर्ण है! शायद 'पालकी ने भी आंख मीच कर ही इसे प्रकाशित कर दिया है।

श्री उपकार चोपड़ा जी से निवेदन करूंगा कि वह 'पालकी' में ही यह लिख कर भेजे कि इस व्यवसाय में प्रवेश कैसे पायें। कहां सम्पर्क स्थापित करना चाहिये। कुछ विज्ञापन एजेन्सियों के नाम भी अवश्य लिखें।

**एस. पी. कोहली, बरेली**

[एजेन्सीज के पते देने में व्यावहारिक कठिनाई है। व्यवसाय में रुचि रखने वालों को स्वयं माडलिंग अथवा विज्ञापन एजेन्सियों से संपर्क करना पड़ेगा।]

## साजिद नहीं

जनवरी १९७५ का नये कलाकारों के बारे में विशेषांक निकाला था पढ़कर बेहद खुशी हुई। हर एक नये कलाकारों से अच्छे ढंग से परिचय कराया। साथ में आपने उनके पते भी दिये। जिससे मैं आपका बहुत आभारी हूं। नये कलाकारों में एक कलाकार 'साजिद' अभिनेता को छोड़ दिया इसका दुख है। स्तम्भ में साजिद का न तो आपने चित्र दिया न ही उनकी आने वाली फिल्मों के नाम बताये।

**अलताफ अहमद, जोधपुर**

[साजिद नया कलाकार नहीं। यह १८ वर्ष पूर्व 'मदर इण्डिया' और फिर 'सन आफ इंडिया' में अभिनय कर चुका है। नायक के रूप में भी वह १९७३ में 'सवेरा' में आ चुका है सं०]


पालकी
में
अगली
बार

रंग से सराबोर
राष्ट्रीय पर्व
होली
के अवसर पर
होली अंक

हंसने हंसाने
वाली ढेर सारी
पठनीय सामग्री
चित्र, कार्टून
लेख

फिल्म जगत
के कुछ माने
हुए हंसोड़
के सतरंगे चित्र
और दिलचस्प
परिचय

दो कहानियां
एक उपन्यास
दर्जन भर लेख
और
हंसी के फव्वारे

और सभी प्रसिद्ध
हास्य कलाकारों
का परिचय

अपनी प्रति आज
ही रिजर्व करा लें

बम्बई में अपार सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ अब राजधानी में भी अपार सफलता प्राप्त कर रहा है



आई के फिल्म्स
प्रस्तुत करते हैं

# अनाड़ी

EASTMANCOLOR FAMOUS LAB

शशि कपूर
शर्मिला टैगोर
मौसमी चटर्जी

निर्देशक :
असित सेन

संगीत :
लक्ष्मीकांत प्यारे लाल

गीत :
मजरूह सुल्तानपुरी

निर्माता :
सतीश भल्ला
तथा
इन्दर कपूर

KENSEY BLOCK.

meera • prabhu

P.R.O. MOHAN SEHGAL

प्रचारक :
आई के फिल्म्स, इस्माइल बिल्डिंग, पहला माला ३८१, डी० एन० रोड, बम्बई-१ Tel.: 315516

Regd. No. D-(C) 445 PALKI HINDI FOURTNIGHTLY R. No. 23
For Circulation & Trade Enquiries Contact "DREAM STAR' Pratap Bhawan, 5, B. S. Zafar Marg, New Delhi-1100

COMING SHORTLY

STAR
IN STARS

dream star

dream star

- First creative magazine from entire North India in English
- First magazine with 24 pages in four colours
- First Unique Endeavour in Tourism

RS. 3

MONTHLY FILM MAGAZINE